हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025

11 समस्याओं के समाधान में देरी न करें अधिकारी...



12 भूगोल प्रश्नोत्तरी में दीपिका व रेनू प्रथम






## खबर संक्षेप

### विद्या नगर फीडर सुबह नौ बजे से रहेगा बंद

**भिवानी।** विद्या नगर स्थित 11 हजार केवी फीडर 21 फरवरी शुक्रवार को सुबह नौ बजे से लेकर शाम पांच बजे तक बंद रहेगा। जेई पवन कुमार ने बताया कि तार बदलने के कार्य के चलते 21 फरवरी शुक्रवार को विद्या नगर 11 हजार केवी फीडर बंद रहेगा और इसके अंतर्गत आने वाले लठियावाला जोहड़, विद्या नगर, महम रोड, कमला कॉलोनी और कालुवास का इंडसट्रियल एरिया में बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### नौ बोतल अवैध देशी शराब के साथ दबोचा

**लोहारू।** लोहारू थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पहाड़ी गांव में युवक को 9 बोतल व 5 पव्वे अवैध देशी शराब के साथ काबू किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को पहाड़ी में व्यक्ति द्वारा अवैध शराब बेचे जाने की गुप्त सूचना मिली, जिस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर टीम बनाकर मौके पर छापेमारी की। पुलिस ने एक रसोईनुमा कमरे पर छापा मारा तो मौके से पुलिस ने नौ बोतल अवैध देशी शराब और पांच पव्वे अवैध देशी शराब बरामद कर आरोपी अशोक को मौके पर ही काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

### 20 वर्षीय युवती लापता मामला दर्ज

**लोहारू।** उपमंडल के गांव से एक 20 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने युवती के दादा की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में युवती के दादा ने बताया कि उसकी 20 वर्षीय पोती 12वीं पास है और बिना बताए दोपहर में घर से चली गई। उसकी आस पड़ोस और रिश्तेदारों में भी काफी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### निर्माण स्थल से सामान चुराने का आरोपी पकड़ा

**भिवानी।** थाना सिवानी पुलिस ने सिवानी में जाट भवन के निर्माण स्थल से सामान चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी से 7500 रुपये व वारदात में प्रयोग की गई स्विफ्ट गाड़ी को बरामद किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनिल कुमार निवासी वार्ड नंबर- 8 सिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपी से 7500 रुपये व वारदात में प्रयोग की गई स्विफ्ट गाड़ी को बरामद किया गया है।

---

ग्राम पंचायतों को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित

# जिला चरखी दादरी की ग्राम पंचायतों ने अब तक लगवाए 1728 सीसीटीवी

- चोरी, किडनैपिंग, लूट, शरारती तत्वों पर निगरानी, छेड़छाड़ जैसी वारदातों पर लगाई जा सकेगी रोक: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

गांव में सीसीटीवी कैमरे लगवाने वाली ग्राम पंचायतों को पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने वीरवार को सम्मानित किया। इस मौके पर गांव झोझूकलां से अशोक कुमार, भागवी से प्रोमिला कुमारी के प्रतिनिधि सरुपगढ़ से भाग्यश्री के प्रतिनिधि, सांतौर से प्रवीन कुमार, बिगोवा से कृष्ण कुमार, हुई से कुलदीप सिंह, कन्हेटी से प्रमिला के प्रतिनिधि, डाढी छिल्लर से प्रदीप, पातुवास से गुणपाल व बादल से अंकित सरपंच मौजूद रहे।



भिवानी। सरपंचों को सम्मानित करते एसपी अर्श वर्मा।

#### अपराधों में आएगी कमी

इन गांवों की पंचायत ने बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाकर गांव की सुरक्षा के लिए अहम भूमिका निभाई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इनके इस कदम से अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगेगा, क्योंकि जब भी कोई अपराध घटित होता है तो सबसे पहले पुलिस अपराधियों का पता लगाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर सीसीटीवी कैमरों की सहायता लेती है। आज के समय में सीसीटीवी कैमरे अपराध की रोकथाम, अपराध अन्वेषण एवं छानबीन के लिए कारगर साबित हो रहे हैं, इनकी सहायता से चोरी, किडनैपिंग, लूट, शरारती तत्वों पर निगरानी, छेड़छाड़ जैसी वारदातों पर रोक लगाई जा सकेगी। सीसीटीवी कैमरों से असामाजिक तत्वों में भी खौफ बना रहता है। उन्होंने कहा कि इनके इस सराहनीय कार्य से दादरी की उन ग्राम पंचायतों को भी प्रेरणा मिलेगी] जिन्होंने अपने गांव में अब तक सीसीटीवी कैमरे नहीं लगवाए हैं। जिला चरखी दादरी की ग्राम पंचायतों द्वारा अब तक कुल 1728 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक ने ग्राम पंचायतों से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाएं, ताकि अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। जनता के सहयोग से पुलिस को अपराध पर अंकुश लगाने में सहायता मिलेगी।

---

# हत्यारे को उम्रकैद की सजा व जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



- दोषी ने 2019 में घर में घुसकर की थी हत्या

वर्ष 2019 में आरोपी ने कलिंगा निवासी सुधीर कुमार की उसके घर पर चाकू से हत्या करने के मामले में आरोपी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉक्टर संजीव आर्या की कोर्ट ने दोषी करार देते हुए आरोपी को निम्नलिखित धाराओं के तहत उम्रकैद की सजा सुनाई व 14000 रुपये जुर्माना लगाया। न्यायालय ने मामले के आरोपी जयवीर पुत्र ओमप्रकाश निवासी पिलोद राजस्थान को धारा 302,201,120बी भारतीय दंड संहिता के तहत उम्रकैद की सजा व 14000 रुपये जुर्माना लगाया है।

वहीं आरोपी द्वारा जुर्माना नहीं भरने पर उसे अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी होगी। इस मामले में थाना सदर पुलिस ने अभियोग संख्या 882 दिनांक 30 अक्टूबर 2019 धारा 302, 201, 404 व 34 भारतीय दंड संहिता के तहत अभियोग पंजीबद्ध किया था। न्यायालय में मामले की सुनवाई के दौरान माननीय न्यायालय ने मामले को बहुत ही संगीन माना और दोषी की सजा में कोई नरमी नहीं बरती। न्यायालय में ट्रायल के दौरान एडीए आजाद मलिक के द्वारा आरोपी के विरुद्ध दलीलों को मजबूती से रखा। थाना सदर पुलिस के द्वारा महत्वपूर्ण साक्ष्यों का आकलन कर अभियोग में प्रभावी कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख पेश किया। न्यायालय ने अभियोग में सुनवाई करते हुए आरोपी को उम्रकैद की सजा व जुर्माना लगाया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने जिला भिवानी के सभी प्रबंधक थाना, चौकी इंचार्ज व अनुसंधानकर्ताओं को विशेष निर्देश दिए हैं कि संगीन अपराध में शिकायत का बिना किसी विलंब के शिकायत के आधार पर अभियोग अंकित करें। पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण साक्ष्य व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर प्रभावी पुलिस कार्यवाही कर न्यायालय में आरोपियों को दंड व पीड़ित को न्याय दिलाने का कार्य करें।

---

# बाइक चुराने का आरोपी पकड़ा, वाहन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

जिला पुलिस भिवानी के द्वारा जिले थाना बवानीखेड़ा पुलिस ने एचडीएफसी बैंक बवानीखेड़ा के पास से मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में आरोपी को पपोसा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अनिल निवासी बवानीखेड़ा ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बतलाया कि 18 फरवरी को सीएससी बवानीखेड़ा नजदीक एचडीएफसी बैंक पर कार्य के लिए



गया था जो शिकायतकर्ता के द्वारा अपनी मोटरसाइकिल को एचडीएफसी बैंक के पास खड़ा किया हुआ था, जहां से चोर बाइक चोरी करके ले गया था। शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना बवानीखेड़ा में दर्ज किया था। गत 19 फरवरी को अभियोग में प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना बवानीखेड़ा के सहायक उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में एक आरोपी को पपोसा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए आरोपी की पहचान नरेंद्र पुत्र राजकपूर निवासी सोरखी, जिला रोहतक के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपी से चोरी की गई मोटरसाइकिल को बरामद किया है। आरोपी नरेंद्र को न्यायालय में पेश किया गया, जहां न्यायालय ने आरोपी को जिला कारागार भेजने के आदेश दिए हैं।

---

# घर में घुसकर सामान चुराने के दो आरोपी धरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

- तीन पुलिस टीम ने आरोपियों से वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी व 1500 रुपये किए बरामद
- न्यायालय ने जिला कारागार भेजने के आदेश दिए

जिला पुलिस भिवानी के द्वारा जिले में घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है, जो इसी क्रम में थाना बवानीखेड़ा पुलिस में घर में घुसकर घर का सामान चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को बवानीखेड़ा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

प्रदीप निवासी बवानीखेड़ा ने थाना बवानीखेड़ा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बतलाया कि 18 फरवरी को चोर उनके घर से सामान चोरी करके ले गए थे, जो शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना बवानीखेड़ा में दर्ज किया था। गत 19 फरवरी को अभियोग में प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना बवानीखेड़ा के मुख्य सिपाही देवेंद्र कुमार ने घर में घुसकर सामान चुराने के मामले में दो आरोपी अभिषेक पुत्र किशोरी निवासी वार्ड नंबर- 13 बवानीखेड़ा व बलजीत पुत्र फूलचंद निवासी वार्ड नंबर-13 बवानीखेड़ा को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने आरोपियों से वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी व 1500 रुपये बरामद किए हैं। उपरोक्त आरोपी नशा करने के आदी हैं जो अपने नशे की पूर्ति के लिए घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। उपरोक्त दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया,जहां न्यायालय ने आरोपियों को जिला कारागार भेजने के आदेश दिए हैं।

---

# पुलिस अधीक्षक ने सिटी थाना का किया निरीक्षण

- थाना परिसर, एमएचसी रूम, मालखाना, हवालात व कंप्यूटर कक्ष को चैक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

वीरवार को पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने सिटी पुलिस स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाने में व्यवस्थाओं जायजा लिया। उन्होंने थाना परिसर, एमएचसी रूम, मालखाना, हवालात व कंप्यूटर कक्ष को चैक किया और स्वच्छता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि अनुसंधानकर्ताओं को आमजन



की लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द निपटारा होना चाहिए और अभियोगों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार कर पीड़ित को न्याय दिलाने बारे निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों व कर्मचारियों को कहा कि पीएम विंडो, सीएम विंडो व हर समय पर आने वाली शिकायतों का समय पर निपटारा करें व सभी ग्राम प्रहरी एप पर नियमित डेटा अपडेट किया जाना चाहिए। उन्होंने थाना के भवन परिसर में की गई व्यवस्थाओं, जवानों के रहन-सहन, रसोई तथा स्वच्छता इत्यादि का निरीक्षण किया। थाना प्रबन्धक को थाना के रिकॉर्ड व अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने तथा थाना प्रांगण में साफ सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि थाना में शिकायत लेकर आने वाले आमजन से सौहार्दपूर्ण व्यवहार कर उनकी शिकायतों का समाधान करें और जल्द से जल्द न्याय दिलाने का प्रयास करें।

---

# किसानों की एसडीएम से मुलाकात ट्यूबवेल कनेक्शन देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

- किसान बोले - छह माह पहले ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए छह करोड़ रुपये से अधिक करवा चुके हैं जमा

भाकियू अध्यक्ष हरपाल सिंह भांडवा के नेतृत्व में एसडीएम से मुलाकात कर कृषि क्षेत्र के ट्यूबवेल कनेक्षन जारी करने में जानबूझ कर देरी करने, सोर ऊर्जाधारक किसानों को नया कनेक्शन देने में आनकानी बरतने, कृषि फसलों की खरीद में एमएसपी कानून लागू न करने, घरेलू कनेक्शन में सिक्योरिटी राशि में बेतहाशा वृद्धि को वापस लेने, बकाया मुआवजा न देने की समस्या से अवगत करवाया जिस पर उन्होंने बिजली विभाग के एसडीओ रामसिंह को तत्काल प्रभाव से कदम उठाने का भरोसा दिया।

कस्बे के उपमंडल कार्यालय में किसान नेता गिरधारी मोद की अध्यक्षता में किसानों ने एसडीएम दलजीत सिंह से मुलाकात की। भाकियू अध्यक्ष हरपाल भांडवा ने कहा कि क्षेत्र के किसानों द्वारा छह माह पहले अपने अपने खेतों में ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए छह करोड़ रुपये से अधिक की राशि बिजली निगम को जमा करवा दी गई है, लेकिन आज तक कनेक्शन जारी करना तो दूर बल्कि कछुआ गति से काम किया जा रहा है। निगम की धीमी कार्रप्रणाली से किसानों में रोष बना हुआ है। केन्द्र व प्रदेश सरकार कृषि क्षेत्र के कल्याण के बजट में कमी कर पूंजीपति नीतियों को बढावा दे रही है। हर घर तक स्वच्छ पेयजल व फसल सिंचाई का पानी पहुंचाने वाली प्रदेश सरकार धरातल पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है। वहीं बिजली व सिंचाई की कमी से अगेती सरसों के पौधे खराबे की भेंट चढ़ रहे हैं। मौजूदा भाजपा सरकार कृषि व्यवस्था को कमजोर कर पूंजीपतियों को हावि बना रही है जो जायज कदम नहीं है। विभाग एक तरफ किसानों को नए कनेक्शन देने के नाम पर बड़े बड़े दावे कर रहा है, वहीं किसानों के हितों के साथ जमकर खिलवाड़ किया जा रहा है। इससे गरीब व भोले भाले किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है।

#### ये रहे मौजद

इस मौके पर महासचिव ओमप्रकाश उमरवास, ऋषिराम भांडवा, सत्यबीर बाढ़ड़ा, रामबीर नांधा, विकास बाढड़ा, इंद्रजीत सिंह डालावास, पूर्व सरपंच गिरधारी, वेदप्रकाश काकड़ौली, रामअवतार लाड, कुलवीर श्योराण, सत्यप्रकाश, नवीन बाढड़ा, सिंह, कमलसिंह हड़ौदी, आनंद आदि मौजूद रहे।

---

किलोमीटर अलाउंस में बढ़ोत्तरी करने व 70 प्रतिशत राशि को आयकर मुक्त करने की मांग

# लोको पायलट व गाड्र्स ने जंक्शन पर शुरू किया उपवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (एआईएलआरएसए) एवं ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल (एआईजीसी) के बैनर तले वीरवार को लोको पायलट व गार्डस ने 36 घंटे का उपवास रखा और रनिंग स्टाफ के प्रति रेल प्रशासन की नीतियों का जमकर विरोध किया।

लोको पायलट और गाड्र्स ने 20 फरवरी वीरवार सुबह आठ बजे से 21 फरवरी शुक्रवार रात आठ बजे तक 36 घंटे का उपवास शुरू किया। उन्होंने किलोमीटर अलाउंस में बढ़ोत्तरी करने, 70 प्रतिशत राशि को आयकर मुक्त करने व मालगाड़ी में अधिकत्तम आठ व सवारी गाड़ी में छह घंटे ड्यूटी सहित अनेक मांगों को लेकर रोष जताया। धरने की अध्यक्षता एआईएलआरएसए के शाखा उपाध्यक्ष प्रमोद सैनी व एआईजीसी के सूर्यकांत ने की।

रनिंग कर्मचारियों के उपवास एवं रोष प्रदर्शन का नोर्थ वेस्ट रेलवे इम्प्लाइज यूनियन के हिसार शाखा अध्यक्ष कृष्ण कौशिक ने नेतृत्व में यूनियन के पदाधिकारियों ने समर्थन दिया और कहा कि रेल प्रशासन



रनिंग स्टाफ के हितों के साथ लंबे समय से खिलवाड़ करता आ रहा है तथा उन्हें उनके हक से वंचित कर रहा है। शाखा अध्यक्ष दिनेश यादव, उपाध्यक्ष प्रमोद सैनी, विश्वेंद्र सिंह व सूर्यकांत ने बताया कि 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार डीए 50 प्रतिशत से अधिक होने पर सभी रेल कर्मचारियों के टीए भत्तों में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई, लेकिन रनिंग कर्मचारियों के किलोमीटर अलाउंस में बढ़ोत्तरी नहीं करके पुरानी रेट अनुसार ही दिया जा रहा है।

**ये रही मांगें:** लोको पायलट व गार्डस ने किलोमीटर अलाउंट की 70 प्रतिशत राशि को आयकर मुक्त किए जाने की मांग उठाई। इसके अलावा सभी रनिंग कर्मचारियों को हैडक्वार्टर वापस भेजने, मालगाड़ी के लिए अधिकत्तम 8 घंटे व सवारीगाड़ी में छह घंटे ड्यूटी किए जाने, सहायक लोको पायलेट की ग्रेड में बढ़ोत्तरी करने, मुख्यालय पर हैडक्वार्टर साप्ताहिक विश्राम 46 घंटे करने, रनिंग रूम में रेस्ट के आठ घंटे करने की मांग की और इसके विरोध में 36 घंटे के उपवास एवं धरने पर बैठे है। उन्होंने रेलवे प्रशासन को चेतावनी दी कि रनिंग स्टाफ की उक्त मांगों को जल्द से जल्द पूरा नहीं किया तो वे बड़ा आंदोलन छेड़ने पर मजबूर होंगे।
ये रहे मौजूद: इस मौके पर सुरेंद्र कसाना, सुनील कुमार महावर, अमित कुमार, पवन, मनीष शर्मा, जगदीश ओनवर, राजेंद्र मीणा, सीताराम सैनी, हरगोपाल सिंह, जयप्रकाश, यशपाल, ईश्वर मौर्या, प्रमोद मान, रामरत्न मीणा, अंकित, राजपाल, नरेंद्र सिंह, यूसूफ गौरी सहित अनेक लोको पायलट व गार्डस मौजूद रहे।

रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चों, बालभूमि में ही हमने तुम्हें दुनिया के कुछ अनोखी डॉल्स म्यूजियम्स के बारे में बताया था। अब हम तुम्हें दुनिया के अलग-अलग देशों की मशहूर डॉल्स के बारे में बता रहे हैं। ये डॉल्स न सिर्फ अपने देश में प्रसिद्ध हैं, बल्कि पूरी दुनिया के बच्चे इन्हें खूब पसंद करते हैं।

# मन को लुभाती प्यारी-अनोखी डॉल्स



बच्चों, आज भले ही वीडियो गेम्स और अन्य तरह-तरह के गेम्स की वजहों से बच्चे गुड़ियों से कम खेलते हों, लेकिन जब भी उनकी नजर किसी प्यारी और अनोखी डॉल पर पड़ती है तो वे इसे पाने के लिए मचल उठते हैं। इसके साथ मजे से खेलते हैं।

## गुड़ियों की कैसे हुई शुरुआत

गुड़ियों को बनाने की शुरुआत सबसे पहले प्राचीन यूनान (अब ग्रीस) और मिस्र (अब इजिप्ट) में हुई। इसके बाद दुनिया के बहुत से देशों ने अपनी संस्कृति और समाज की परंपराओं, मान्यताओं, रीति-रिवाजों और आस्थाओं के आधार पर तरह-तरह की गुड़ियां बनानी शुरू कीं। आओ, जानते हैं दुनिया की कुछ मशहूर और अनोखी डॉल्स के बारे में-

## रूस की मैट्रियोश्का डॉल्स

इन डॉल्स को, नेस्टिंग डॉल या स्टेकिंग डॉल के नाम से भी जाना जाता है। इन्हें पहली बार बनाने का श्रेय यूलिया बेरेजनित्स्काइया को जाता है। लकड़ी की बनी ये डॉल्स सिंगल नहीं, ग्रुप्स में होती हैं। इन्हें इस तरह बनाया जाता है कि एक के भीतर एक डॉल रखी जा सके। इन्हें खोलकर भीतर से एक से छोटी दूसरी, उससे छोटी तीसरी, इसी प्रकार कई डॉल्स निकाली जा सकती हैं। इस तरह गुड़ियों का एक छोटा-सा परिवार बन जाता है। इन डॉल्स की संख्या 3 से 10 तक होती है, एक के भीतर एक। एक मैट्रियोश्का में 51 गुड़ियों का विश्व रिकॉर्ड भी बन चुका है। इन डॉल्स को 'बाबुश्का' की तरह बनाया जाता है। बच्चों, 'बाबुश्का' शब्द का मतलब है 'बूढ़ी औरत' या 'दादी'। बेहद प्यारी दिखने वाली डॉल मैट्रियोश्का की पोशाक परंपरागत रूसी कृषक महिलाओं जैसी होती है।

## ग्वाटेमाला की वरी डॉल्स

ऐसा कहा जाता है कि अगर कोई इंसान चिंताओं से घिरा रहता है, तो वरी डॉल उसे राहत पहुंचाती है। ग्वाटेमाला की यह गुड़िया, घर में उपलब्ध सामग्रियों से बनाई जा सकती है। इसे अकसर रद्दी कपड़ों, पतली छड़ियों, सींक, तार, धागे आदि की सहायता से बनाया जाता है। इसे बनाने का कोई निश्चित तरीका नहीं है। कई अलग-अलग तरीके से विभिन्न आकार-प्रकार की 'वरी डॉल्स' बनाई जाती हैं। यह डॉल्स प्रायः बच्चों के लिए ही बनाई जाती हैं, ताकि वे रात में आराम से सो सकें। माना जाता है कि तकिए या बिस्तर के पास इस डॉल को रखने से बच्चों को परेशान करने वाली चिंताएं और बुरे सपने गुड़िया में चले जाते हैं, जिससे बच्चों को रात में अच्छी नींद आती है। असल में बच्चों को अपने साथ किसी के होने का एहसास होता है। स्वाभाविक सी बात है, इससे बच्चे अपने आपको सिक्योर फील करते हैं।



ग्वाटेमाला की वरी डॉल्स

## जापान की कोकेशी डॉल्स

आमतौर पर जापानी गुड़िया के नाम से जानी जाने वाली कॉकेशी डॉल्स ज्यादातर लंबी होती हैं।



इसके हाथ, पैर अलग से नहीं बनाए जाते। बस ऊपर गोल सिर होता है। जापान के अलग-अलग प्रांतों में बनने और मिलने वाली कोकेशी डॉल्स के चेहरे का आकार, डिजाइन और शैली प्रांत के कल्चर के हिसाब से अलग-अलग होती है। यहां स्त्री, पुरुष और बच्चों की आकृतियों वाले कोकेशी डॉल्स मिलते हैं।

## अफ्रीका की नब्देले डॉल्स

नब्देले या नेबेले डॉल का नाम दक्षिण अफ्रीकी जनजाति के छोटे कद के लोगों से लिया गया है। ये



गुड़िया रंग-बिरंगी होती हैं, इन पर मोतियों की कारीगरी भी की जाती है। नब्देले डॉल्स अलग-अलग शैलियों में बनाई जाती हैं। प्रत्येक का एक अलग अर्थ है। कुछ का उपयोग दूसरी दुनिया की शक्तियों से सुरक्षा के लिए किया जाता है। इनमें से कुछ ऐसी डॉल्स होती हैं, जो नई दुल्हन को उपहार स्वरूप दी जाती हैं। इन्हें एक शुभ शगुन के रूप में देखा जाता है। *



### बार्बीः सबसे पॉपुलर डॉल

बच्चों, तुम सब की चहेती बार्बी डॉल का निर्माण अमेरिका की बिजनेस वूमन रूथ हैंडलर ने 1959 में किया था। उनका यही उद्देश्य था कि छोटी बच्चियां, इन्हें देखकर अपने सुंदर भविष्य की कल्पना करें। पहली बार्बी डॉल ने चमकीले लाल होंठों के साथ एक स्मार्ट काले और सफेद धारीदार छोटी पोशाक पहनी थी, जो हॉलीवुड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो से इंस्पायर थी। धीरे-धीरे बार्बी डॉल्स लोगों, खासकर बच्चों के बीच पॉपुलर होने लगी। आज बार्बी दुनिया की सबसे अधिक पसंद की जाने वाली डॉल है।

आओ जानें / कमलेंद्र कुमार श्रीवास्तव

# सड़क के किनारे पेड़ क्यों लगाए जाते हैं?

बच्चों, जब तुम सड़क मार्ग से यात्रा करते हो, तो तुम्हें सड़क के दोनों किनारों पर पेड़ नजर आते होंगे। राजमार्ग यानी नेशनल हाईवे से यात्रा करने के दौरान सड़क के बीचों-बीच डिवाइडर पर भी विभिन्न प्रकार के छोटे पौधे लगे दिखते हैं। क्या तुम जानते हो, सड़क के किनारे या सड़क के बीचों-बीच इस तरह से पेड़ क्यों लगाए जाते हैं? जानो, इसकी खास वजह।



**वाहनों का शोर करते हैं कंट्रोल:** वाहनों के इंजन, हॉर्न की आवाजें सबको अप्रिय लगती हैं, ये ध्वनि प्रदूषण को बढ़ाती हैं। सड़क के किनारे या बीच में लगे पेड़, वाहनों की इस आवाज को अवशोषित कर लेते हैं। इस तरह शोर की मात्रा पर काफी कंट्रोल करते हैं। इसके अलावा वाहनों से निकलने वाले धुएं में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर पेड़-पौधे, ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं, जिससे हमारा वातावरण शुद्ध होता है।

**कहलाते हैं ग्रीन मफलर:** ऐसे पेड़-पौधे, जो सड़क के किनारे या बीचों-बीच लगाए जाते हैं, उनको 'ग्रीन मफलर' कहते हैं। 'मफलर' का अर्थ है शोर को कम करना। दरअसल, ऑटोमोबाइल वाहनों में एक ऐसा यंत्र होता है, जो इंजन द्वारा उत्पन्न ध्वनि को कम करता है, उसे मफलर कहते हैं। अब चूंकि पेड़-पौधे भी वाहनों से निकलने वाली ध्वनियों को कम करते हैं, इसलिए इनको 'ग्रीन मफलर' कहते हैं।

**यात्रियों को मिलती है छाया-शीतलता:** सड़क के किनारे लगे पेड़, यात्रियों को छाया और शीतलता भी प्रदान करते हैं। सड़क के डिवाइडर के बीच में छोटे-छोटे पौधे लगाने का भी यही कारण है। रात को जब वाहन डिपर का प्रयोग करते हैं तो ये पेड़, प्रकाश का अवशोषण कर लेते हैं और सामने से आ रहे वाहन चालक की आंखों में पड़ने वाली चमक को भी हल्का कर देते हैं। इसके अलावा खास बात यह है कि हरा रंग, हमारी आंखों को आराम देता है। इस वजह से हरियाली के कारण सड़क यात्रा के दौरान चालक और यात्रियों की थकावट कम हो जाती है और उनको आराम मिलता है। पेड़-पौधों की हरियाली से सड़कें खूबसूरत दिखती हैं। *

कविता / दिशा ग्रोवर

## खेलें छुपन-छुपाई



गोल है सूरज, चंदा गोल
एक-दूजे के बने विलोम।
भेदभाव पर कभी न करते
धरा के ये साथी अनमोल।
घमंड कभी सूरज न करता
रोशन सारे जग को करता।
धरती के मस्तक को जैसे
हर संध्या टीका है करता।
चंदा भी विनम्र बड़ा है,
पहरे पर हर रात खड़ा है।
जितनी भी दे सूर्य रोशनी
खुशी-खुशी से घटा-बढ़ा है।
चंदा-सूरज, हैं परछाई
नहीं, न करते कभी लड़ाई।
रात और दिन बांटे ऐसे,
जैसे खेलें छुपन-छुपाई।

तुम्हारे लिए नई किताब

## मीठी-मीठी सात कहानियां

बच्चों, कुछ समय पहले ही कहानियों की एक नई किताब 'कार्टून फिल्म का कमाल' छपकर आई है। इसमें कुल सात कहानियां हैं। सातों कहानियां बहुत मीठी-मीठी हैं। मीठी इसलिए क्योंकि ये मनोरंजन तो करती ही हैं, सीख भी देती हैं। 'अनूठी दोस्ती' क्रिकेट खेलने के शौकीन बच्चे अग्रिम की कहानी है, जिसे किताबें पढ़ना अच्छा नहीं लगता। लेकिन फिर अग्रिम की दीदी कैसे किताबों से उसकी दोस्ती करवा देती है, यह इस कहानी में पढ़ सकते हो। कुछ इसी तरह पढ़ने और किताबों के महत्व को बताती है, संकलन की आखिरी कहानी 'दीदी की कविता।' 'कार्टून फिल्म का कमाल' एक ही क्लास में पढ़ने वाले अनंत और संवेदन की कहानी है, जो दौड़ प्रतियोगिता में फर्स्ट आने के लिए गलत तरीका अपनाने की सोचते हैं। फिर कैसे एक कार्टून फिल्म देखकर संवेदन और उसके दोस्तों का मन बदलता है, इसे बहुत सरल ढंग से इस कहानी में बताया गया है। 'फर्स्ट आने का सीक्रेट' कहानी में तुम पढ़ सकते हो कि एग्जाम में अच्छे मार्क्स लाने के लिए हैंड राइटिंग का अच्छा होना कितना जरूरी है! फास्ट फूड खाने से क्या परेशानियां हो सकती हैं, इसे तुम 'सुधर गया अंकित' कहानी में पढ़ सकते हो। 'अलादीन का चिराग' नन्ही गुनगुन की कहानी है, जो बहुत अनोखे ढंग से अपने मम्मी-पापा की आपसी नाराजगी को दूर कर देती है। 'शैतानी का पिटारा' नटखट नीशु और उसके छोटे भाई ईशु की कहानी है। नीशु अपने भाई को प्यार तो बहुत करता है लेकिन उसे परेशान भी करता है। कैसे उसकी यह आदत छूटती है, इसे जानने के लिए तुम्हें यह कहानी पढ़नी होगी। *




-विज्ञान भूषण

**किताबः** कार्टून फिल्म का कमाल, **लेखिकाः** आरती 'आस्था'
**मूल्यः** 149 रुपए, **प्रकाशकः** सर्वभाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली

## जीके क्विज-142

1. हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ चार हजार रन बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी कौन बने हैं?
2. पिछले दिनों राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप का खिताब किसने जीता?
3. दिल्ली की नई मुख्यमंत्री कौन बनी हैं?
4. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किस अधिनियम को 'काला बिल' कहा गया?
5. अपने देश में वर्ष का सबसे छोटा दिन कब होता है?
6. 'मालगुडी डेज' पुस्तक के राइटर कौन हैं?
7. रिकेट्स नामक रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
8. सूर्य में कौन-सी गैस सर्वाधिक मात्रा में पाई जाती है?
9. हीटर का तार किस मिश्र धातु का बना होता है?
10. भारत द्वारा प्रक्षेपित पहले कृत्रिम उपग्रह का क्या नाम था?



बच्चों, जीके क्विज-142 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-141 का उत्तर :** 1.भारतीय जनता पार्टी, 2.रवींद्र जडेजा, 3.अर्जेंटीना, 4.बृहस्पति, 5.वर्द्धमान, 6.राजेंद्र प्रसाद, 7.हरा, 8.एंटोनी वॉन ल्यूवेनहॉक, 9.सिक्किम, 10.जय प्रकाश नारायण

**जीके क्विज-141 का सही उत्तर देने वाले :** मनीष-रायपुर, कबीर-हिसार, ज्योति-रायगढ़, मान्या-दिल्ली, रोहित-हिसार, अंजना-बिलासपुर, साकेत-महासमुंद, सृष्टि-बलोद, नवीन-दुर्ग, पीयूष-बलौदा बाजार, अंकित-रोहतक

कहानी
सिराज अहमद

घोड़े को यह बात जरा भी रास नहीं आई कि वह जहां घास चरता है, वहीं पर भैंस भी घास खाए। उसने भैंस के सामने अपनी शक्ति प्रदर्शित करनी चाही, लेकिन भैंस ने जो कर दिखाया, घोड़ा देखता रह गया। ऐसा क्या करिश्मा किया भैंस ने जो घोड़े की शक्ति फिस्स हो गई?

# घोड़ा और भैंस



जहां घोड़ा घास चरता था, आज वहां पर एक भैंस भी आ गई थी। यह देखकर घोड़ा तमतमा उठा। वह सोच रहा था कि जिस मैदान पर उसका एकछत्र राज हुआ करता था, उस पर अब इस भैंस की भी हिस्सेदारी होगी। गुस्से में घोड़े के नथुने फूल उठे। सिर गरम होने लगा। टप–टप, टप–टप चलता हुआ, भैंस के पास पहुंचकर उसने कड़क आवाज में पूछा, 'तुम यहां कैसे?'

भैंस के गले में घंटी बंधी थी। जैसे ही उसने सिर उठाया, घंटी बज उठी। घोड़े को देखकर उसे कोई आश्चर्य नहीं हुआ। उसने एक नजर घोड़े पर डाली, फिर घास चरने लगी। घास चरते हुए ही भैंस बोली, 'तुम्हारे ही मालिक ने मुझे भी खरीदा है। कल ही तो वो मुझे बाजार से लेकर आए हैं। अब मैं भी तुम्हारे साथ यह जगह साझा करूंगी।'

यह सुनकर घोड़े को थोड़ी हैरत जरूर हुई। लेकिन वह उससे क्या कहे, इस सोच में पड़ गया। अपने मालिक पर भी उसे गुस्सा आ रहा था। जब उसे कुछ समझ न आया तो वह भारी आवाज में भैंस से बोला, 'दो-दो लात कर लो, जो जीता वह यहां रहेगा।' घोड़े को पता था कि उसकी लात के आगे भैंस टिक नहीं पाएगी। पहले तो भैंस ने उसकी बातों में कोई दिलचस्पी न ली, लेकिन जब यह देखा कि वह अभी वहीं खड़ा है तो उसने अपना सिर उठाया। गले की घंटी बज उठी। इत्मीनान से उसने घोड़े को देखा। फिर ठहरकर बोली, 'दो-दो सींग करो, जो जीता वह यहां रहेगा।' भैंस की बात सुनकर घोड़ा सकते में आ गया, क्योंकि घोड़े के तो सींग ही नहीं होती। कुछ देर के लिए सन्नाटा छा गया। घोड़ा और भैंस एक-दूसरे को देखते रहे।

तभी वहां पर एक काला सांप आ गया। वह फन फैलाकर फुफकार रहा था। घोड़े को देखकर बोला, 'मैं दो-दो दांत करूंगा। कल मैं तुम्हारे पैरों से कुचलते-कुचलते बच गया था, अब देखो तुम मेरी ताकत।'

सांप तेजी से रेंगता हुआ घोड़े के पैरों की तरफ लपका ही था, तभी भैंस ने अपनी सींग से उसे उठाकर हवा में उछाल दिया, बहुत दूर। भैंस के गले में पड़ी घंटी जोर से बज उठी और देर तक बजती रही।


घोड़े का दिल जोर-जोर से धड़क रहा था। थोड़ी दूर तक तो सांप हवा में दिखा फिर सबकी आंखों से ओझल हो गया। घोड़ा वहां खड़ा सोचता रह गया कि आखिर भैंस ने उसे बचाया क्यों?

उधर भैंस हरी-हरी घास चरने में फिर से मस्त हो गई। दो-दो लात और दो-दो सींग की बात भी उसी सांप के साथ चली गई थी। *

कहानी
अशोक वाधवाणी

मंदिर के बाहर जब सुभाष को अपनी चप्पल नहीं मिली तो उसने किसी दूसरे व्यक्ति की चप्पल पहन कर जाने की सोची, लेकिन उसके दोस्त आलोक ने रोका, बोला कि वह ऐसा ना करे, यह तो चोरी है। क्या सुभाष ने अपने दोस्त की बात मानी, क्या उसकी खोई चप्पल मिली?

# सही-गलत



सुभाष अपने दोस्त आलोक के साथ मंदिर में भगवान के दर्शन करके जब बाहर आया तो सीढ़ियों के पास रखी उसकी चप्पल गायब थी। सुभाष ने देखा उसकी चप्पल की जगह उसी तरह की डिजाइन और सेम साइज वाली दूसरी चप्पल पड़ी थी, सिर्फ उस चप्पल का कलर अलग था। सुभाष गुस्से से बोला, 'पता नहीं किसने मेरी चप्पल चुरा ली?'

सुभाष की बात सुनकर आलोक तुरंत बोला, 'मैंने तुमसे पहले ही कहा था कि चप्पल स्टैंड पर चप्पल रखते हैं। मैंने तो रखी लेकिन तुमने दो रुपए बचाने के चक्कर में मेरी बात नहीं मानी।'

'यार, जब देखो तब तुम मेरी खिंचाई ही करते रहते हो। यह अच्छी बात नहीं है।' सुभाष खीझे स्वर में बोला।

'तुम गलत बोल रहे हो। मैं हमेशा तुम्हारे हित के लिए ही बोलता हूं।' आलोक बोला।

आलोक की बात अनसुनी करते हुए सुभाष ने अपना इरादा बताया, 'छोड़ो यार! यहां रखी चप्पल को पहन कर अब चलता हूं।'

आलोक ने सुभाष को रोका, 'ऐसा ना करो। थोड़ी देर प्रतीक्षा करते हैं। हो सकता है कोई हड़बड़ी में तुम्हारी चप्पल पहन कर चला गया हो और बदलने के लिए कुछ देर में लौट आए।'

'आलोक हर काम के लिए तुम्हारी रोक-टोक मुझे पसंद नहीं। मेरी बात मानना तुम सही नहीं समझते हो। आखिर तुम मेरे मित्र हो या शत्रु?' सुभाष के स्वर में नाराजगी थी।

आलोक ने अपने दोस्त सुभाष को फिर से समझाने की कोशिश की। उसने प्यार से समझाते हुए कहा, 'मैं तुम्हारा दोस्त हूं, शुभचिंतक हूं, इसलिए तुम्हें गलत काम करने से टोकता हूं। चलो, थोड़ी देर के लिए मान लेते हैं कि तुम्हारी चप्पल चोरी हो गई है। लेकिन उसके बदले में किसी और की चप्पल पहन कर चल देना, चोरी ही कहलाएगी।'

आलोक की इस बात के आगे सुभाष के पास कोई जवाब नहीं था। वह मन मारकर चप्पल ले जाने वाले की प्रतीक्षा करने लगा। थोड़ी देर बाद सुभाष ने देखा, एक नौजवान उसकी चप्पल पहने तेज कदमों से मंदिर की ओर आ रहा है। वहां रखी अपनी चप्पल पहचान कर खुश हुआ। वह सुभाष की चप्पल छोड़कर, अपनी चप्पल पहन कर चला गया।

आलोक ने मुस्कुराते हुए सुभाष की ओर देखा। उसके चेहरे पर शर्मिंदगी के भाव थे। *


## रंग भरो-169

**रंग भरो-169** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डिंपल, दुर्ग



दिशांत, महेंद्रगढ़



सानवी, रायपुर



प्रगति, बिलासपुर



चहक, ईमेल से

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

तेजस-रायपुर, वसनि-रायपुर, अंकित-दुर्ग, पूजा-महासमुंद, दीपक-मटियारी, कुशल-रोहतक, दीपा-गुना, छवि-करनाल, साकेत-बलौदा बाजार, कनिष्क-धमतरी, काव्या-बालोद, देवेन-भोपाल, राजन-दिल्ली, दिव्या-राजनांदगांव, कल्पित-बालोद



सौम्य, बालोद

## रंग भरो 170

बच्चों, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक बच्चा ट्वॉय कार से खेल रहा है। चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### स्मॉल वंडर स्कूल का वार्षिकोत्सव कल

**हिसार।** सेक्टर-15 स्थित स्मॉल वंडर स्कूल के वार्षिक उत्सव का आयोजन एचएयू स्थित इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में 22 फरवरी को होगा। प्राचार्या तरुणा कुहाड़ ने बताया कि इसमें कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा मुख्यातिथि होंगे। वार्षिकोत्सव का टाइटल 'उड़ान छूना है आसमान' रखा गया है। जो अपने आपमें अनेक आकर्षण समेटे हुए है। नर्सरी से यू.के.जी. के बच्चें मोबाइल, वेल्कम सॉंग, पर्यावरण रेट्रो, एजुकेशन एक्ट प्रस्तुति देंगे।

### हनुमान मंदिर में फाल्गुन महोत्सव कल

**हिसार।** जवाहर नगर गली न. 6 स्थित हनुमान मंदिर में फाल्गुन महोत्सव 22 फरवरी मनाया जाएगा। महोत्सव सायं 5 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगा। इस अवसर पर गायक कलाकार कुमार सौरभ, किशोरी पलक, श्याम लाडली पावनी खुराना भजनों से गुणगान करेंगे। आयोजन मंडल के अनुसार महोत्सव में विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगी।

### आमजन के साथ किया जाए सम्मानजनक व्यवहार: डॉ. नागपाल

# समस्याओं के समाधान में देरी न करें अधिकारी: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल ने कहा कि अधिकारी नागरिकों की समस्याएं अपने लेवल पर ही निपटाएं, ताकि उनको समाधान शिविर में शिकायत लेकर न आना पड़े। उन्होंने कहा कि अधिकारी नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने में आने वाली समस्याओं को अति शीघ्र निपटान करे ताकि समय पर उनको योजनाओं का लाभ मिल सकें।

**एडीसी ने समाधान शिविर में सुनीं नागरिकों की समस्याएं**




**भिवानी।** शिविर में जनसमस्याएं सुनते एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल।

एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में अन्य विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने पीपीपी, सीवरेज सिस्टम, एनपीएस से संबंधित, पुलिस से संबंधित व विभिन्न सामाजिक पेंशन से संबंधित समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को समाधान बारे जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार के निर्देशानुसार लोगों की शिकायतों के शीघ्र निपटारे के उद्देश्य से प्रत्येक कार्य दिवस को 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे प्रतिदिन समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का शीघ्र अतिशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। मौके पर नगराधीश अनिल कुमार सहित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# प्रक्रिया पूरी करके प्रत्येक शिकायत पर होगी कार्रवाईः एसडीएम

■ समाधान शिविर में शिकायतों पर हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर समाधान शिविर में हल हो सकने वाली शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया जा रहा है और बाकी शिकायतों को प्रक्रिया पूरी करके समाधान के लिए संबंधित विभागों को भेजा जा रहा है। साथ ही संबंधित विभागों से कार्यवाही की रिपोर्ट भी ली जा रही है। वीरवार को एसडीएम आशीष सांगवान ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए जिला के सभी विभागों अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों पर भी निर्धारित समय अवधी में कार्यवाही करें और इसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को दें। उन्होंने बताया कि काफी शिकायतें एवं मांगे ऐसी होती हैं, जिनका समाधान मौके पर ही कर दिया जाता है। बाकी शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागों को लिखा जाता है। कई शिकायतें ऐसी भी होती हैं, जिनका समाधान जिलास्तर पर नहीं हो सकता है, ऐसी शिकायतों को समाधान के लिए मुख्यालय भेजा जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाकर लोगों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। हरियाणा सरकार ने जनता की शिकायतों के समाधान के लिए समाधान शिविर के रूप में यह पहल की है।



**चरखी दादरी।** समाधान शिविर में समस्या सुनते एसडीएम आशीष सांगवान।

### एडीसी एडीसी डॉ. मुनीष ने संभाला एडीसी का पदभार



**भिवानी।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल ने कहा है कि पात्र परिवारों व लोगों तक सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। वरिष्ठ एचसीएस अधिकारी मुनीष नागपाल ने 14 फरवरी को पदभार संभाला है। डॉ. मुनीष नागपाल ने कहा कि आमजन की एक-एक समस्या का समाधान करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर रोजाना समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। समाधान शिविरों में आने वाली एक-एक व्यक्ति की समस्या को सुनना व समाधान करना भी उनकी पहली प्राथमिकता है।

# विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** अतिथियों को स्वागत करते कार्यकारिणी समिति सदस्य व शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

किरोड़ीमल शिक्षण महाविद्यालय में लीगल लिटरेसी सेल द्वारा वित साक्षरता एवं साइबर अपराध तथा इससे से बचने के उपायों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। क्रार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यकारिणी समिति के वरिष्ठ सदस्य अधिवक्ता जितेन्द्र कुमार गोयल ने सिटी थाना की साइबर सेल से आये विष्णु सिंह, नोडल होल्ड अमाउन्ट साईबर सेल स्वीटी शर्मा, एफसी कैप्टन कपिल, एसपीओ रविन्द्र सांगवान का स्वागत किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों तथा महाविद्यालय के टीचिंग व नान-टीचिगं स्टाफ के सदस्यों को साईबर अपराध से सम्बंधित विषयों पर विस्तार से समझाया। उन्होंने इन अपराधों व अपराधियों से बचने के लिए भिन्न-2 तरीके सुझाये। उनके अनुसार अत्यधिक इन्टरनेट का बुद्धिहीन प्रयोग व इन्टरनेट पर प्रायोजित प्रलोभनो के चक्कर में आने से विद्यार्थी व दूसरे जन साईबर अपराधियों के चंगुल में फस जाते है, यहां से शुरू होती है फिर ब्लैकमेलिंग की घटनाये। कई बार इन घटनाओं से दुःखी होकर भोले-भाले इंसान उन्हें मनचाही रकम देते रहते है या फिर आत्महत्या जैसा अपराध कर बैठते है, इसलिए हमें आधुनिक युग में बने रहने के लिए इन्टरनेट का प्रयोग बुद्धिमता व समझदारी से करना चाहिए। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं लीगल लिटरेसी सेल के कोर्डिनेटर डॉ. राजीव कुमार ने विशेषज्ञों का साईबर अपराध विषय पर विस्तार से प्रकाश डालने व बैंक के द्वारा चलाई जाने वाली सभी लाभकारी योजनाओं को समझाने पर धन्यवाद किया। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. महाबीर सिंह ने मुख्य बिन्दुओं पर अपना चिंतन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर दिवाकर वशिष्ठ, असिस्टेंट प्रोफेसर यतिन गोयल, हिमानी, डिंकी, आरती, कृति, लीना, सोनू भारद्वाज, सज्जन सुथार आदि मौजूद रहे।

# भिवानी में पुलिस सब इंस्पेक्टर पर उसी की भतीजी ने लगाए दुष्कर्म के आरोप

■ न्याय की मांग को लेकर एसपी से मिले पीड़िता के परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सेवा, सुरक्षा, सहयोग का दावा करने वाली पुलिस ही जब आम आदमी की रक्षा की बजाय उनके भक्षक बन जाए तो आमजन किससे न्याय की गुहार लगाएगा, ऐसा ही मामला भिवानी शहर में आया है, जहां पुलिस सब इंस्पेक्टर पर अपनी ही भतीजी छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोप लगे है। पीड़िता के परिजन गुरूवार को भिवानी के चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में पीड़िता का मेडिकल करवाने पहुंचे, लेकिन वहां पर मेडिकल न होने के कारण परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंच गए। एसपी को शिकायत सौंपते हुए मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया है, लेकिन पीड़िता के परिजनों का आरोप है कि आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। एसपी को शिकायत सौंपने पहुंचे पीड़िता के परिजनों ने बताया कि बीते वर्ष 30 अगस्त को स्कूल में उनकी बेटी की पैरेंट्स मीटिंग थी। आरोपी बेटी को स्कूल से लेने गया और वह उसे कार में बैठाकर किसी सुनसान जगह ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। सात सितंबर को आरोपी फिर से स्कूल के बाहर छात्रा को लेकर जाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन छात्रा ने विरोध किया तथा वहां से चली गई। परिजनों ने बताया कि पीड़िता के पिता का स्वास्थ्य खराब होने के चलते उन्होंने इस बात को दबाकर रखा, ताकि कोई अनहोनि न हो। पीड़िता के परिजनों ने बताया कि आरोपी रिश्ते में पीड़िता का ताऊ और पुलिस में उपनिरीक्षक पद पर तैनात है। आरोप लगाया कि आरोपी पुलिस में तैनात होने के कारण सारे प्रकरण को प्रभाव का प्रयोग कर दबाने का प्रयास कर रहा है, उन्हें पुलिस अधीक्षक से न्याय की उम्मीद है। डीएसपी अनूप कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

# विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा निर्धारित करने में मददगार है कैरियर काउंसलिंगः डॉ. प्रोमिला

■ भानगढ़ स्कूल में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** मेधावी विद्यार्थी को पुरस्कृत करते प्राचार्य व अतिथि।

बहुत से विद्यार्थी ऐसे होते है, जो अपने भविष्य को लेकर असमंजस में रहते है, ऐसे में उन्हें सही समय पर सही मार्गदर्शन मिले तो विद्यार्थी अपनी प्रतिभा एवं रूचि को सही दिशा देकर भविष्य में सफल नागरिक बन सकते है। विद्यार्थियों की रूचि एवं प्रतिभा को सही दिशा देने के उद्देश्य से हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार एवं एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम के तहत गांव भानगढ़ स्थित पीएमश्री राजकीय वमा विद्यालय में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता वैश्य महाविद्यालय की स्वपोषित विभाग की निदेशिका डॉ. प्रोमिला सुहाग ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य दिलबाग सिंह बाजिया ने की तथा मंच संचालन एसएस अध्यापिका मोनिका ने किया। इस मौके पर पोस्टर मेकिंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं हुई, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य ने सम्मानित किया। डॉ. प्रोमिला ने विद्यार्थियों को बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में क्या संभावनाएं है, किस क्षेत्र में रोजगार के अधिक अवसर है और कौन से नए कैरियर उभरकर आ रहे हे। उन्होंने कहा कि कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम विद्यार्थियों को उनके भविष्य की दिशा निर्धारित करने में मदद करते है, जिससे देश का भविष्य स्वर्णिम व सुरक्षित बनाया जा सकें। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह, प्रदीप, सुनील, श्रीभगवान, विरेंद्र डीपीई, मुकेश, अरविंद, मोनिका आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही सरकारः वीरेंद्र

### स्वयं सहायता समूह के जरिए महिलाओं को किया जा रहा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



**भिवानी।** कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह कुशल नेतृत्व में सरकार द्वारा महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने में कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन के दिशा-निर्देश पर आज वीरवार को लघु सचिवालय में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया, जिसमें डीपीएम वीरेन्द्र श्योराण ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिये स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं किो लघु बचत, तैयार उत्पाद को बेचने, उत्पाद के लिए रामटिरियल खरीदने, नकद बिक्री, उधार बिक्री और उधार की रिकवरी, रजिस्ट्रेशन तथा स्वयं सहायता समूहों के पदाधिकारियों को दायित्व सौंपने सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। बता दें कि सरकार द्वारा महिलाओं को घर चलाने के लिए आर्थिक रूप से स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की ओर बेहतर कदम उठाकर अनूठी पहल शुरू की गई है। जिसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा स्वयं सहायता समूह के जरिए महिलाओं को मिनिमम ब्याज दरों में बैंकों से ऋण मुहैया करवाया जाता है। साथ-साथ स्वयं रोजगार के लिए स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं बैंक लिमिट उनके द्वारा तैयार किए गए उत्पाद की बिक्री के अनुसार बढ़ाई जा रही है। सरकार द्वारा महिलाओं को सब्सिडी के रूप में स्वयं सहायता समूह के से जुड़ी महिलाओं को सहायता प्रदान की जा रही है।

# मोबाइल हैक कर 277800 रुपये का फ्रॉड, गिरफ्तार

**हांसी।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने फोन को हैक कर 2,77,800 रुपए का फ्रॉड करने के मामले में एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के गांव अठोना निवासी अभिषेक पाल के रूप में हुई है। आरोपी ने दिसंबर 2024 में आर्य नगर कॉलोनी निवासी गीतांश के मोबाइल फोन को हैक करके 8 और 9 दिसंबर को एचडीएफसी बैक के बचत व करंट अकाउंट से यूपीआई माध्यम से 2,77,800 रुपये का फ्रॉड हुआ था। इसमें से फ्रॉड किए गए रुपयों में से कुछ रुपये पकड़े गए आरोपी ने कुछ रुपये कमीशन देकर अपने बैक खाते में डलवाए थे। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# प्रतीक्षा सूचीः जिले में 3888 प्रार्थी वेरीफाईः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से उपायुक्त अनीश यादव ने लघु सचिवालय स्थित वीसी सभागार में जिले के सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों की बैठक लेकर योजना से जुड़े अहम दिशा-निर्देश जारी किए। डीसी ने निर्देश दिए कि जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत स्थायी प्रतीक्षा सूची में दर्ज 3888 प्रार्थियों की सूची को आगामी एक सप्ताह के भीतर वेरीफाई किया जाए। इस प्रक्रिया के पूर्ण होते ही पात्र लाभार्थियों को सहायता राशि की पहली किस्त जारी की जाएगी। उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वेरिफिकेशन कार्य 100 फीसद सटीकता के साथ सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना के लाभ से वंचित न रहना पड़े। बैठक में डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, डिप्टी सीईओ जिप कीर्ति सिरोहीवाल, बीडीपीओ विशाल, अशोक कुमार, राज सिंह और राहुल श्योकंद समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**मापदंड का रखें ध्यान**

डीसी ने अधिकारियों से कहा कि वे पात्रता के मापदंडों को ध्यान में रखते हुए कार्य करें और समयबद्ध तरीके से योजना के सभी चरणों को पूर्ण करें। डीसी यादव ने कहा कि खंड स्तर पर वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी होते ही जिला स्तर पर कार्य को शीघ्रता से निपटाया जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे इस कार्य को पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ करें ताकि किसी भी प्रकार की गलती न हो।

# डंकी रूट से भेजा अमेरिका, दो भाइयों पर केस

**हांसी।** सदर थाना पुलिस अपने मामा के लड़के को विदेश भेजने के हसीन सपने दिखा कर 60 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने तथा डंकी रुट से अमेरिका भेजने वाले दो भाइयों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामला कुलाना निवासी आर्यन की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है। जिसे अमेरिका द्वारा 14 फरवरी को डिपोर्ट कर वापस भारत भेज दिया गया था। आर्यन ने डिपोर्ट किए जाने के बाद शनिवार को घर पहुंचने के बाद हांसी एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा से मुलाकात कर विदेश भेजने के नाम पर 60 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले बुआ के लड़कों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र मीणा ने उन्हें शिकायत दिए जाने के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया था। कुलाना निवासी आर्यन के द्वारा बुधवार को सदर थाना में शिकायत दिए जाने के उपरांत रोहतक निवासी रवि राठी तथा उसके राहुल राठी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुलाना निवासी आर्यन को उसकी बुआ के लड़कों ने विदेश में नौकरी करने तथा वहां रहने के हसीन सपने दिखा कर विदेश जाने की ललक पैदा कर दी थी और परिजनों ने बेटे की जिद के आगे नतमस्तक होकर उसे वैध रूप से विदेश भेजने के लिए बहन के लड़के द्वारा विदेश भेजने के नाम पर मांगे गए 60 लाख रुपय के लिए अपनी दो एकड़ जमीन बेच दी थी।

**कार्यक्रम** मोबाइल, इंटरनेट, टीवी, फेसबुक की लत से युवा पीढ़ी की दिशा हो रही भ्रमितः बीके ज्योति

# बच्चों ने ली नशे से दूर रहने व संस्कारवान बनने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** नशा मुक्त अभियान के दौरान लोगो को जागरूक करती ब्रह्माकुमारी भाई बहन।

मोबाइल, इंटरनेट, टीवी, फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया की लत के माध्यम से आज की युवा पीढ़ी दिशा भ्रमित हो रही है, ये समाज में प्रचलित नए नशे हैं, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय झोझूकलां-कादमा शाखा तत्वावधान में चलाए जा रहे मेरा गांव नशा मुक्त गांव अभियान के अंतर्गत सेठ कालूराम गोयल राजकीय महाविद्यालय कादमा में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने व्यक्त किए। गौरतलब है कि केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा ब्रह्माकुमारीज के मैडिकल प्रभाग के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें झांकी में बड़े-बड़े चित्रों के द्वारा लोगों को नशे के कुप्रभावों और उनसे बचने का समाधान बता जागृत किया जा रहा है। ब्रह्माकुमारी ज्योति ने कहा कि आज माता पिता को अपने बच्चों की तरफ विशेष ध्यान दें, अच्छे संस्कार देने की आवश्यकता है, बच्चे कल का भविष्य है, अगर हम भारत को पुनः सोने की चिड़िया बनाना चाहते हैं तो सुसंस्कारित युवा पीढ़ी का निर्माण करना होगा और ये आध्यात्मिक व मानवीय मूल्यों से ही संभव है। गौरतलब है कि बीस दिवसीय नशा मुक्ति अभियान जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जा रहा है, जिसमें नशामुक्ति रथ लेकर चल रहे ब्रह्माकुमार भाई बहनों ने बच्चों को बताया कि नशा वास्तव में मन की कमजोरी का कारण होता है। व्यक्ति का अपनी कर्मेंद्रियों पर नियंत्रण हो तो नशे की लत से छुटकारा संभव है, इसलिए मन की चंचलता पर काबू पाना सीखना है, जो वास्तव में राजयोग मेडिटेशन से ही संभव है। ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने सभी विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाते हुए कहा कि हम अपनी युवा पीढ़ी बच्चों को संस्कारवान बना नैतिकता धारण करवा समाज को स्वच्छ व स्वस्थ बनाएंगे तभी हम अपने घर परिवार गांव मोहल्ले को श्रेष्ठ बना सकते हैं जिससे ही हम भारत के निर्माण में सहयोग दे सकते हैं। प्राचार्य नितेश सैनी ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा दी जाने वाली शिक्षा से युवाओं में अवश्य ही मनोबल बढ़ेगा।

**HARYANA STATE HANDBALL ASSOCIATION**
Reg. Off. H. No. 01, VPO Kaunt, Distt. Bhiwani
Registration No. HR-13-2022-01963

I, Radhey Shyam Sharma, Returning Officer hereby ceclare the schedule of Election and the details of the post i.e. President (01), Vice-President (05), General Secretary (01), Joint Secretary (05), Treasurer (01) and Executive Members (05) of Haryana State Handball Association, Bhiwani as per HRRS Act, 2012.

**Schedule of Election**

| Sr. No. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1. | Publication of Voter List | 20.02.25 | 04:00 P.M. |
| 2. | Objections, if any | 20.02.25 to 06.03.25 | |
| 3. | Publication of Supplementary Voter List, if any | 07.03.25 | 11:30 A.M. |
| 4. | Filling of Ncminations | 08.03.25 & 09.03.25 | 11:00 A.M. to 2:00 P.M. |
| 5. | Scrutiny of Nominations | 10.03.25 | 11:30 A.M. |
| 6. | Announcement/Publication of Nomination List | 10.03.25 | 01:00 P.M. |
| 7. | Withdrawal of Nomination | 11.03.25 | 11:00 A.M. to 2:00 P.M. |
| 8. | Publication of List of Contesting Candidates | 11.03.25 | 3:00 P.M. |
| 9. | Allotment of Symbol | 12.03.25 | 11:00 A.M. |
| 10. | Date of Poll, if required | 16.03.25 | 10:00 A.M. to2:00 P.M. |
| 11. | Counting of Votes and declaration of result | After Completion of Voting result | |

Date : 20.02.2025
Place : Bhiwani

Radhey Shyam Sharma, Returning Officer
Haryana State Handball Association, Bhiwani

## खबर संक्षेप

### इग्नू का 38वां दीक्षांत समारोह पांच मार्च को

**चरखी दादरी।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, शिक्षा मंत्रालय के 38वें दीक्षांत समारोह का आयोजन 5 मार्च को इग्नू मुख्यालय एवं पूरे देशभर के 39 क्षेत्रीय केंद्रों पर होने जा रहा है। उनमें से क्षेत्रीय केंद्र करनाल भी शामिल है। इग्नू के 38वें दीक्षांत समारोह में नई दिल्ली मुख्यालय पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान उपस्थित रहेंगे। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के निदेशक डॉ. धर्मपाल ने बताया कि जो विद्यार्थी सत्रांत परीक्षा दिसम्बर 2023 एवं जून 2024 में अपना कार्यक्रम पूर्ण कर चुके है। वें 38वें दीक्षांत समारोह के लिए अपना पंजीकरण ऑनलाइन पोर्टल पर 600 रूपये देकर 25 फरवरी तक करवा सकते हैं। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल पर आयोजित समारोह में डॉ. राजेश गोयल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। क्षेत्रीय केंद्र पर आयोजित समारोह में केवल 300 विद्यार्थियों को डिग्री देने के लिए बुलाया जाएगा।

### गाड़ी का शीशा तोड़कर नकदी व दस्तावेज चोरी

**जींद।** अर्जुन स्टेडियम के बाहर खड़ी रेलवे हैंडबाल कोच की गाड़ी का शीशा तोड़ कर चोरों ने साढे तीन लाख रुपये, दो सौ डॉलर समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस कोच की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। झीरकपुर पंजाब निवासी सचिन ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### गांव क्योड़क में मारपीट में मां-बेटा घायल, केस

**कैथल।** गांव क्योड़क में हुई मारपीट में मां बेटा घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव नरड़ के मनीष ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 18 दिसंबर को गांव के ही सन्नी, लवली, जसा, अमरीक तथा उनके दो बेटों ने मिलकर उसे तथा उसकी मां को मारपीट करते हुए घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए।

### बाइक की चपेट में आने से मां और बेटी घायल

जींद। गोहाना रोड पर तेज रफ्तार बाइक ने पैदल जा रही मां व बेटी को टक्कर मार कर घायल कर दिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

# स्वयंसेवकों ने नशा मुक्त जागरूकता रैली निकाली

**प्राचार्य डॉ. संजय गोयल बोले- ऐसे कार्यक्रम एवं प्रकल्प विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं उनके सर्वागीण विकास में होते हैं सहायक सिद्ध**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** स्वयंसेवकों को संबोधित करती वक्ता। फोटो: हरिभूमि

राष्ट्रीय सेवा योजना स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र को विकसित करने में लगी हुई है। एनएसएस का उद्देश्य 'सेवा के माध्यम से शिक्षा' है, ये बात हनुमान ढाणी स्थित हनुमान मंदिर में चल रहे वैश्य कॉलेज की एनएसएस ईकाई -1 के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन मुख्यतिथि वैश्य कॉलेज ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता ने कही।

प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम एवं प्रकल्प विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं उनके सर्वागीण विकास में सहायक होते हैं। शिविर का शुभारंभ मुख्यतिथि गुप्ता, प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, एनएसएस ईकाई-1की प्रभारी डॉ. कामना कौशिक, प्रोफेसर सविता जैन, डॉ. विपिन गुप्ता, राष्ट्रपति अवॉर्डी अशोक भारद्वाज ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित करके किया। स्वयंसेवकों ने एनएसएस का गीत गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। शिविर में मुख्य रूप से युवा मेरे भारत देश के लिए और डिजिटल साक्षरता पर विस्तार व्याख्यान, स्लोगन प्रतियोगिता, नशा मुक्ति जागरूकता रैली,आर्ट एंड क्राफ्ट एवं पैकिंग व्यवसाय पर प्रशिक्षण व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया।

**नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित**

मंच संचालन स्वयंसेविका छवि ने किया। स्वयंसेवक जतिन व प्रियांशु ने गीत चारों और होगी हरियाली झूमो नाचो गाओ रे,सब मिलकर वृक्ष लगाओ रे पर बेहतरीन डांस प्रस्तुत करते हुए पर्यावरण, वृक्ष, प्रदूषण,पानी को बचाने का संदेश दिया। स्वयंसेविका छवि ने कविता मुमकिन है की तुम हार जाओगे सुनाकर स्वयंसेवकों को अपनी प्रतिभा पहचान कर आगे बढ़ने की सीख दी। स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति जागरूकता रैली के माध्यम से आमजन को जागरूक किया तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

# रेखा के सीएम बनने पर बांटी मिठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी


**चरखी दादरी।** रेखा गुप्ता के दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर मिठाई बांटते अग्रवाल वैश्य समाज व नप चेयरमैन बक्शीराम सैनी। फोटो: हरिभूमि

अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा हरियाणा की होनहार एवं साहसी बेटी समाज की आन, बान और शान भारतीय जनता पार्टी की लोकप्रिय विधायक रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर लाला लाजपतराय चौक पर लड्डू बांटकर खुशियां मनाई। अग्रवाल समाज के प्रदेश महासचिव बलराम गुप्ता ने बताया कि रेखा गुप्ता महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति एमसीडी की अध्यक्ष, दिल्ली विवि छात्र संघ की भी अध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा की महासचिव व राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य भी रह चुकी है। रेखा दो बार पार्षद भी निर्वाचित हो चुकी है। वैश्य समाज की होनहार बेटी को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनाने पर अग्रवाल वैश्य समाज ने भाजपा का हार्दिक आभार जताया। इस अवसर पर नगर परिषद चेयरमैन बक्शीराम सैनी, सुरेश पांडवानिया, सुरेश ऐरण, गणेश गोयल, प्रेस सचिव विनोद गर्ग, नरेश सांपला, विनोद जैन, विनोद गुप्ता, भुनेश गोयल, हरिराम बबलू, पवन लुहानीवाले,विकास अटेलिया, पवन दिल्ली, अमित बंसल, पवन चेतनपुरिया, आन्नद गुप्ता, पुरूषोतमदास गोयल आदि उपस्थित थे।

# विभागीय स्कीमों की जानकारी दी

- जन सेवाओं का समाधान करने को लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी


**चरखी दादरी।** शिविर में सरकारी योजनाओं की जानकारी देते।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से जिला समाज कल्याण कार्यालय में जन सेवाओं के समाधान के लिए शिविर आयोजित किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेश कुमार व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीव काजला ने शिरकत की।

शिविर में 76 से अधिक प्रार्थियों ने विभागीय स्कीमों की जानकारी ली। विशेष तौर से पेंशन से सम्बंधित प्रार्थियों के दस्तावेजों की जांच की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेश कुमार एवं सचिव मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी संजीव कालजा ने कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से यह शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में जिला समाज कल्याण विभाग व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की और से हेल्प डेस्क स्थापित कर लोगों को स्कीमों के बारे में विस्तार से बताया वह उनका मौके पर निवारण भी किया। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लोगों को कानूनी तौर पर जागरूक करने के अलावा जन सेवाओं का भी बीड़ा उठाया हुआ है।

# भूगोल प्रश्नोत्तरी में दीपिका व रेनू प्रथम

- तोशाम के महिला महाविद्यालय में भूगोल प्रश्नोत्तरी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम



**तोशाम।** अतिथियों के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

गुरुवार को चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में भूगोल विभाग द्वारा भूगोल प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी में 8 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें बाजी मारते हुए टीम एफ की प्रतिभागी दीपिका व रेनू प्रथम स्थान पर रही। टीम ए की प्रतिभागी रीना, प्रीति तथा साक्षी द्वितीय स्थान पर रही वहीं तृतीय स्थान पर टीम सी की प्रतिभागी मुस्कान, रविता और प्रियंका रही। महाविद्यालय के भूगोल विभाग के सभी सहायक प्राध्यापक प्रश्नोत्तरी में उपस्थित रहे, क्विज मास्टर रामवीर सिंह गौरी और सहायक सोनू कुमार रहे। प्रश्नोत्तरी की शुरुआत विभागाध्यक्ष ज्योति बोडवाल ने की और प्राइज डिसटीब्यूशन कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य राजेंद्र सिंह ने किया। विभाग के अन्य सहायक प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार, डॉ. विनोद कुमार, मोनिका जाखड़ व डॉ. सुरेंद्र चहल उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रश्नोत्तरी का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ और उन्होंने बताया कि आने वाली 27 फरवरी को पंजाब जियग्राफर की तरफ से स्टेट लेवल क्विज का आयोजन किया जाएगा जिसमें महाविद्यालय की तरफ से रनिंग ट्राफी चलाई गई है।

# छात्राएं करें संतों की शिक्षाओं को आत्मसात

- आदर्श महिला कॉलेज में बाजारीकरण के दौर में संत साहित्य की व्यावहारिक उपयोगिता पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी


**भिवानी।** मुख्य वक्ता डॉ. राधाकृष्ण चंदेल को स्मृति चिन्ह भेंट करते शिक्षक।

आदर्श महिला महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल के दिशा निर्देशन में अखिल भारतीय श्रीदादू सेवक समाज के संयुक्त तत्वावधान में बाजारीकरण के दौर में संत साहित्य की व्यावहारिक उपयोगिता विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वैश्य महाविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राधाकृष्ण चंदेल भिवानी रहे।

उन्होंने विषय पर गंभीरता से प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संतों की शिक्षाएं सार्वकालिक हैं और हर युग में प्रासंगिक बनी रहती हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय की चुनौतियों के संदर्भ में कबीर, नानक, दादू और रैदास की जीवन शिक्षाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने संत साहित्य के विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से छात्राओं को जाति, धर्म एवं सामाजिक विषमताओं से दूर रहकर संतों की शिक्षाओं को आत्मसात करने का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने संत साहित्य की प्रासंगिकता पर बल दिया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रमाकांत शर्मा ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि बाजारवाद को समझते हुए संतों द्वारा दी गई साधना, संयम, समय प्रबंधन एवं नैतिकता से जुड़ी शिक्षाओं को अपनाना आवश्यक है।कार्यक्रम में हिंदी विभाग की प्रवक्ता डॉ. ममता चौधरी, कविता भारद्वाज, कविता नंदा सहित महाविद्यालय की अनेक छात्राएं उपस्थित रहीं।

### रेखा गुप्ता के दिल्ली की सीएम बनने पर बाढ़ड़ा में भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

**बाढ़ड़ा।** चरखी दादरी जिले की पुत्रवधु रेखा गुप्ता के दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर जिले में खुशी का माहौल है। बाढ़ड़ा कस्बे के लोगों ने लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान लोगों ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे लगाए। बता दें कि भाजपा कार्यकर्ता बाढ़ड़ा में वीरवार करीब तीन बजे एकत्रित हुए और खुशी जताई इस दौरान उन्होंने कहा कि रेखा गुप्ता बौंदकलां के महाजन परिवार की पुत्रवधु हैं। इसलिए आज शपथ ग्रहण समारोह के बाद जिले में खुशी का माहौल है। उन्होंने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मास्टर चंद्रपाल सांगवान, विनोद जांगड़ा स्यामपुरिया, कुलदीप बाढ़डा, विजय आर्यनगर, मीडिया प्रभारी रामपाल कारी, मुनीश बडेसरा, पर्ताप भांडवा, ललित शर्मा, अंकित गर्ग, संदीप, सोनू पिचोपा , वेदपाल सांगवान, पवन शर्मा आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

# छात्रों को सामाजिक न्याय का महत्व बताया

- बीके कॉलेज ऑफ एजुकेशन में वर्ल्ड सोशल जस्टिस डे पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा




बीके कॉलेज ऑफ एजुकेशन बवानीखेड़ा में वर्ल्ड सोशल जस्टिस डे पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज में महिलाओं के प्रति न्याय और समानता का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय परफॉर्मिंग आर्टिस्ट हरिओम बावा की देखरेख में हुआ। बबिता ने मॉडल बनकर समाज में महिलाओं की स्थिति को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। महिलाओं के अधिकारों, लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय की आवश्यकता को रेखांकित किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रविन्द्र राठी ने छात्रों को सामाजिक न्याय के महत्व पर जानकारी दी।

**अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएं: राठी**

उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय सिर्फ एक सिद्धांत नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है, जिसे हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। महिलाओं को समान अधिकार देना और उनके खिलाफ किसी भी तरह के भेदभाव को रोकना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर लेक्चरर साक्षी व हर्ष ने अपने विचार सांझा किए। उन्होंने बताया कि सामाजिक न्याय केवल कानून तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे व्यवहार में लाना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वे अपने आसपास किसी भी प्रकार के अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएं।

# नई सब्जीमंडी में 90 लाख की लागत से बनेगा कवर्ड शेड

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी



- मांसाखोरों के लिए सीसी प्लेटफार्म भी होगा तैयार: सांगवान

दादरी की नई सब्जी मंडी में 90 लाख रुपये की लागत से नया कवर्ड शेड का निर्माण होगा। मार्केटिंग बोर्ड द्वारा टेंडर जारी कर दिया है और जल्द ही निर्माण शुरू हो जाएगा। ज्ञात रहे कि दादरी नई अनाज मंडी में कवर्ड शेड के अभाव में किसानों और आढ़तियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। बारिश में हजारों टन सफल भीग जाती थी। पिछले दिनों आढ़तियों ने विधायक सुनील सांगवान को कवर्ड शेड की डिमांड रखी थी। विधायक सांगवान ने आढ़तियों को जल्द निर्माण का आश्वासन दिया था। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों नई सब्जी मंडी में आढ़तियों व किसानों ने उनके समक्ष नया कवर्ड शेड के साथ मांसाखोरों के लिए प्लेटफार्म बनाने की मांग रखी थी। उन्होंने पिछले दिनों मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर उक्त मांग रखी थी।

### पीठासीन व मतदान अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

# चुनाव प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी जरूरी

- पंचायत भवन में लोहारू, सिवानी व बवानीखेड़ा नपा चुनाव को लेकर अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी


**भिवानी।** अधिकारियों को दिशा निर्देश देते एसडीएम डॉ. अश्वीर नैन।

एसडीएम तोशाम डॉ. अशवीर नैन ने कहा कि पीठासीन, सहायक पीठासीन एवं मतदान अधिकारी चुनाव प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी लेकर सावधानी एवं निष्पक्षता से कार्य करें, ताकि निकाय चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित करवाया जा सके। एसडीएम डॉ. नैन वीरवार को पंचायत भवन में लोहारू, सिवानी व बवानी खेड़ा नगरपालिका चुनाव को लेकर सम्बंधित पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। एक मार्च को पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री वितरित कर मतदान केंद्रों पर भेजा जाएगा। प्रशिक्षण कार्यशाला में उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में पीठासीन व मतदान अधिकारियों की अहम भूमिका होती है। ऐसे में सभी गंभीरता के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें।

**विस्तार से दी जानकारी:** कार्यशाला में एसडीएम नैन ने चुनाव अधिकारियों को मतदान केंद्र की कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट की जांच, मॉक पोल, मतदान सामग्री प्राप्त करना, मिलान करना व मतदान सामग्री की जांच करने की विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी**

उन्होंने कर्मियों को सामग्री प्राप्त करने में बरतने वाली सावधानियां, बूथ पर बैठने की व्यवस्था, मतदान की प्रक्रिया, सील करने की प्रक्रिया, सभी तरह के मतदान में प्रयुक्त, अनप्रयुक्त पेपर सील करने का तरीका, पीओ के कार्य दायित्व के बारे में समग्रता से बताया। प्रशिक्षण के दौरान चुनाव में अपनाए जाने वाले तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चुनाव अधिकारियों को पोलिंग एजेंटों के सामने मॉक पोल करवाकर एजेंटों की संतुष्टि करवाना व उनके हस्ताक्षर करवाकर मतदान की प्रक्रिया शुरू करवानी अनिवार्य है, किसी भी शंका या जिज्ञासा को व्यक्त कर उसका समाधान अपने साथ लेकर जाएं और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मॉक पोल के बाद क्लियर बटन दबाना और मतदान होने पर क्लोज बटन दबाना नहीं भूलें। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी व पोलिंग ऑफिसर के रूप में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों द्वारा मतदान के संचालन के लिए निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं की नवीनतम जानकारी से पूरी तरह परिचित होना चाहिए। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर रमन शांडिल्य, लोहारू, सिवानी व बवानीखेड़ा नगरपालिकाओं से सम्बंधित पीठासीन अधिकारी एवं पोलिंग ऑफिसर उपस्थित रहे।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

भिवानी का पहला हेल्थ केयर जहां नाड़ी डिजिटल मशीन से देख कर रिपोर्ट कार्ड साथ दिया जाता है ताकि उचित इलाज किया जा सके।


जय हिन्द आयुर्वेद एवं इलेक्ट्रो होम्योपैथी

- जैसे गाड़ी की सर्विस करवाते हो वैसे ही अपनी बॉडी की सर्विस करवाए ताकि बीमारी पास ही न आए।
- अपनी बीमारी को दबाए नहीं जड़ से ठीक करवाए।
- लीपोमा की गांठ बिना ऑपरेशन इलाज।
- पीत पथरी ,किडनी की पथरी,पेट की सभी बीमारी का इलाज।
- शुगर का इलाज,बवासीर और भगंदर का इलाज।
- औरतों की सभी बीमारी का इलाज।
- एक ही जगह सभी थैरपी फिजियो थैरपी, नाचरोथर्पी (मिट्टी पानी से इलाज), एक्यूप्रेशर थैरपी,कप थैरपी, योगा थैरपी, और बिना किसी साइड इफेक्ट के इलेक्ट्रो होम्योपैथी से सभी बीमारी का इलाज।
- ओपीडी की जगह जहां गरीब लोगों के लिए अपनी इच्छा राशी दे कर इलाज किया जाता हैं।
- सभी थैरेपी का डिप्लोमा और अनुभवी डॉक्टर द्वारा ट्रेनिंग दी जाती है।
- अपने बॉस खुद बने और बेरोजगारी से मुक्ति पाए महीने का 30/50 हजार कमाए खुद थैरेपिस्ट बनें।


Dr. Krishan Singh
(Naturopath) (रिटायर्ड फौजी)
BEMS, DNYS (MD), D.Ay.A, D.ma.T, D.Ay, D.P.K., DPT
मकान न. 4, पटेल नगर, सीआईडी ऑफिस के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र: 6005452863